आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण द्वारा दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन

प्रविष्टि तिथि: 25 OCT 2021 9:02PM by PIB Delhi

भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है।

महोत्सव के तहत राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन कर रहा है, ताकि देश के आम नागरिक और हितधारक लेखा-परीक्षण तथा खाता-बही के मानकों के प्रति जागरूक हो सकें।

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण 26 और 27 अक्टूबर, 2021 को दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन कर रहा है, ताकि अर्थव्यवस्था में लेखा-परीक्षण तथा खाता-बही के मानकों के अनुपालन को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी और उसमें हिस्सा लेने का विवरण एनएफआरए की वेबसाइट https://nfra.gov.in पर उपलब्ध है।

इस दो दिवसीय वेबिनार में हिस्सा लेने के लिये, प्रतिभागी नीचे दिये गये लिंक पर क्लिक करें और विवरण भरकर पंजीकरण कर सकते हैं: https://webcastmca.nic.in/userreg.aspx

****

एमजी/एएम/एकेपी

(रिलीज़ आईडी: 1766467) आगंतुक पटल : 361

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu